हमला करने का आरोपी पकड़ा

सादुलपुर । लगभग सात माह पूर्व हमीरवास थाना अंतर्गत गांव भैंसली में एक मकान में रहस्य मय आग लगने के मामले में मौके पर पहुंची पुलिस पर पथराव करने और पुलिस की जीप को क्षतिग्रस्त करने के मामले में पुलिस ने हमला करने वाले टॉप 10 में वांछित आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। थाना अधिकारी मदनलाल बिश्नोई ने बताया कि मामले में पुलिस ने मुखबिरों से आम सूचना एकत्रित की गई। जिस पर एस.आई. फरमान खान ने पुलिस दल के साथ आरोपी राहुल शर्मा पुत्र रामनिवास ब्राह्मण उम्र 25 साल निवासी भैंसली को उसके घर मे दबिश देकर गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। उन्होंने बताया कि 13 मार्च 2024 को गांव भैंसली में भूप सिंह पूनिया के घर पर पुलिस नियंत्रण कक्ष चूरू से आग लगने की सूचना पर पुलिस गांव भैंसली में भूपसिंह पूनियां के घर पहुंची तो भूपसिंह पूनियां व अन्य लोगों ने पुलिस दल के साथ लाठी, पाइप, कस्सी व पत्थरों से मारपीट की एवं सरकारी वाहन को तोडफोड कर नुकसान पहुंचाया। जिस पर हमीरवास थाना पुलिस ने राजकार्य में बाधा पहुंचने तथा सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचने के आरोप में मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। उन्होंने बताया कि वांछित आरोपी राहुल शर्मा की तलाश के लिए टीम द्वारा संभावित स्थानों पर दबिश दी गई थी।

अमरपुरा से युवती को भगा ले जाने के मामले में आरोपी के गांव में दलित समाज का प्रदर्शन

ग्रामीण युवती के गांव अमरपुरा से पैदल पहुंचे मुंदी ताल, आरोपी युवक के घर जाने का था इरादा, युवती को बरामद करने की मांग की

सादुलपुर । तारानगर विधानसभा एवं राजगढ थानान्तर्गत गांव अमरपुरा से दलित युवती को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के मामले गांव में दलित समाज के लोगों ने जमकर आक्रोश जताया तथा मामले को लेकर तनाव पूर्ण माहौल बन गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तथा मामले को लेकर वार्ता की दिनभर चले गति अवरोध के बाद बुधवार शाम को मामला शांत हुआ। मामले अनुसार गांव अमरपुरा निवासी एक दलित युवती को गांव मुंदीताल निवासी एक युवक भगाकर ले गया। जिस पर दलित समाज के नरसी मीठडी तथा सत्यवान इन्दासर आदि के नेतृत्व में दलित समाज के सैकडो लोग अमरपुरा गांव पहुंचकर घटना की जानकारी ली तथा मामले में सूचना देने के बावजूद तीन दिन तक मामला दर्ज नहीं होने का आरोप लगाकर आक्रोश जताया। वहीं दलित समाज के लोग मामले को लेकर अमरपुरा गांव से पैदल मार्च कर गांव मुंदीताल में आरोपी युवक के घर पहुंचने का निर्णय कर लिया। तथा गांव में पहुँचकर युवक के घर की तरफ जाने लगे तो सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई तथा दलित समाज को आरोपी युवक के घर जाने से रोक लिया तो दलित समाज के लोग नारे बाजी कर विरोध प्रदर्शन करने लगे। हालांकि मामले में पुलिस ने मामला दर्ज भी कर लिया है। सूचना मिलते ही आईपीएस अधिकारी प्रशांत किरण पुलिस दल के साथ मौके पर पहुंचे तथा दलित समाज के लोगों को युवक के घर जाने से रोका तो दलित समाज के लोग गांव के चौक में बैठ गए। तथा कहा कि जब तक युवती को बरामद करने की कार्रवाई नहीं होगी तब तक गांव के चौक में बैठे रहेंगे। तथा मांग के समर्थन में आक्रोश जताया। दलित समाज के लोग चाहते थे कि युवक के घर जाकर लडकी को बरामद करने की मांग करें। पुलिस ने दलित समाज के लोगों को समझाकर कहा कि माहौल को बिगाडने का काम नहीं करें। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया। तथा पुलिस कार्रवाई कर रही है। इसके बाद दलित समाज के लोग युवती के गांव अमरपुरा पहुंचे जहां पुलिस अधिकारियों के साथ वार्ता हुई। इस अवसर पर आईपीएस प्रशांत किरण ने गायब युवती को शीघ्र बरामद करने तथा दोषी युवक के खिलाफ कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। इसके बाद मामला शांत हुआ। इस मौके पर दलित समाज के नेता नरसिंह मीठडी तथा सत्यवान इन्दासर ने कहा कि 24 घंटे में युवती बरामद नहीं हुई तो धरना प्रदर्शन शुरू करने को मजबूर होंगे। थाना अधिकारी पुष्पेंद्र सिंह झाझडिया ने बताया कि पुलिस अधीक्षक चूरू से प्राप्त परिवाद के आधार पर दर्ज मामले में गांव अमरपुरा ने निवासी एक व्यक्ति ने मामला दर्ज करवा कर बताया कि दिनांक 14 सितंबर 2024 को उसकी मां खेत गई हुई थी तथा वह अपनी बडी बहनों के पास गांव बुचावास में उनकी कृषि कार्य में सहायता के लिए गया हुआ था। तथा उसकी मां घर पर रखवाली के लिए उसकी छोटी बहन को छोडकर गई थी। दर्ज मामले में बताया कि शाम को लगभग 6 बजे उसकी मां ने खेत से वापस घर आकर देखा तो उसकी बहन घर पर नहीं मिली। घर का सामान बिखरा पडा था और नगदी गहने चोरी किए हुए थे। जिसकी सूचना उसकी मां ने उसे दी तो उसका बहनोई बुचावास गांव से आए।

तनावपूर्ण स्थिति से निपटते हुए पुलिस ने मामले का निपटारा किया।

सार-समाचार

शहीद स्मारक पर लगी लाइट ठीक करवाने की मांग



सादुलपुर। शहीद स्मारक राजगढ में लगी लाईट को ठीक करवाने की माँग को लेकर पूर्व सैनिक संघ राजगढ ने नगरपालिका कार्यालय राजगढ में पालिका ईओ को ज्ञापन सौंपकर ज्ञापन सौंपा है। पूर्व सैनिक संघ राजगढ के अध्यक्ष जगत सिंह ने बताया कि अपने शहीद स्मारक राजगढ पर एक बर्ष पहले सौन्दर्यकरण के लिए नगरपालिका राजगढ ने लाखों रुपया खर्च कर लाईट लगवाईं थी, जो कि पिछले तीन महीनों से नहीं जल रही है। उन्होंने बताया कि खराब हुई लाइटों को ठिक करवाने के लिए नगरपालिका को तीन माह से लगातार शिकायत दर्ज करवाई जा रही है, लेकिन शहीद स्मारक राजगढ की लाईट को अभी तक ठिक नहीं करवाया गया है। संघ के अध्यक्ष जगत सिंह ने कहा कि शहीद स्मारक की रात्रि में लाइट नहीं जलने के कारण आमजन में काफी तरह की चर्चाएं चल रही है और जनता में चर्चा होना भी वाजिब क्यों कि लाखों रूपया की लाईटे एक बर्ष पहले ही खराब हो जानाऔर उसके बाद उसको ठिक नहीं करवायी जाना न्याय संगत नहीं है। ज्ञापन के लिए पूर्व सैनिक संघ राजगढ के प्रतिनिधि मंडल में संघ के अध्यक्ष जगत सिंह, उपाध्याय सुबेदार मोहरसिंह, हवलदार शीशराम व हवलदार महाबीर सिहाग आदि मौजुद थे।

स्वच्छता रैली निकाली

सीकर । स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत बुधवार को प्रातः नगर परिषद द्वारा एस.के. स्कूल के अध्यापकों व छात्र छात्राओं के साथ एस. के. स्कूल से बजरंग कांटा होते हुए कल्याण सर्किल तक स्वच्छता रैली निकाली गई। रैली में छात्र-छात्राओं ने "हम सब ने ये ठाना है सीकर को स्वच्छ व सुन्दर बनाना है" प्लास्टिक कचरे को मिटाना है सीकर को स्वच्छ बनाना है" जागो सीकर जगमग सीकर " "दूषित जल को हटाना है, डेगूं से सब को बचाना है " स्वच्छता है बड़ा अभियान आप भी दे अपना योगदान, क्लीन सीकर ठीन सीकर आदि स्लोगनों के जयकारों के साथ रैली के माध्यम से शहर वासियों को स्वभाव स्वच्छता संस्कार की थीम के तहत स्वच्छता का संदेश दिया। इस दौरान नगर परिषद आयुक्त शशिकांत शर्मा, एसके स्कूल की प्रधानाचार्यी द्रोपदि मोहरी, परिषद के सहायक अभियंता नागरमल, सहायक अभियंता विकास मिश्रा, कनिष्ठ अभियंता सुरेन्द्र गोदारा, अभियंता साहिल अली गौड़, सुरेश मिठारवाल, हिमांशु शर्मा, ओमप्रकाश, नगर परिषद के अधिकारी, कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

क्रिकेट में बिसाऊ ने जीता खिताब

चूरू । जिला मुख्यालय स्थित सेठाणी जोहडा में चूरू प्रीमियर लीग की ओर से चल रही क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन मंगलवार देर शाम हुआ। प्रतियोगिता का फाइनल मैच बिसाऊ व कायमसर के बीच खेला गया, जिसमें बिसाऊ की टीम विजेता रही और कायमसर उपविजेता रही। विजेता टीम को 31000 व ट्रॉफी व उपविजेता टीम को 15000 व ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम संयोजक शाहिद खान (सोनू पार्षद) ने बताया कि मैन ऑफ द सिरिज बिसाऊ टीम के जयसिंह को 2100 रुपये व ट्रॉफी प्रदान की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सदर कौम काजियान व समाज सेवी संजय भाटी थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष असलम खोखर ने की। वहीं कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि बाबू मंत्री, तौफिक खान, आबिद जाबासरिया व इस्माइल भाटी थे। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये संजय भाटी ने कहा कि खिलाडियों को खेल की भावना से बिना किसी भेदभाव के खेलना चाहिए। इस अवसर पर आगंतुक अतिथियों व खिलाडियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।

धारदार हथियार से दोहिते की हत्या, नानी घायल

- रात 12 बजे बाद बदमाशों ने खोथावाली गांव के घर में घुसकर नानी-दोहिता पर धारदार हथियार से हमला किया

हनुमानगढ़, (कासं)। अज्ञात लोगों ने आधी रात को घर में घुसकर धारदार हथियार से एक युवक की हत्या कर दी। हमले में युवक के पास सो रही नानी भी गंभीर रूप से घायल हो गई। वारदात की सूचना पर सीओ सिटी राहुल यादव, गोलूवाला थानाप्रभारी रमेश पन्नू और सदर थानाप्रभारी लालबहादुर चंद्र मौके पर पहुंचे।

एफएसएल और एमओबी टीम ने मौके पर पहुंच साक्ष्य जुटाए। एसपी विकास सांगवान के निर्देश पर टीमों का गठन कर हत्या के मामले को ट्रेस करने में लगे हुए है। घटना रात हनुमानगढ़ के गोलूवाला थाना क्षेत्र के खोथावाली गांव में हुई। हनुमानगढ़ सीओ सिटी राहुल यादव ने बताया कि देर रात 12 बजे से 2 बजे के बीच अज्ञात बदमाशों ने खोथावाली गांव में घर में घुसकर नानी-दोहिता पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। हमले में दोहिते जनक सोनी (18) की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं,पास में ही सो रही नानी निर्मला (60) भी गंभीर रूप से घायल हो गई। शोर शराब सुनकर गांव के लोग मौके पर पहुंचे तो नानी-दोहिता लहूलुहान हालत में मिले। ग्रामीणों ने दोनों को गोलूवाला के राजकीय अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां डॉक्टरों ने जनक को मृत घोषित कर दिया। वहीं निर्मला को जिला अस्पताल रैफर कर दिया।

कमलकांत शर्मा का अभिनंदन

झुंझुनूं, । विप्र फाउंडेशन के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष के रूप में नई पारी की शुरुआत करने पर कमलकांत शर्मा का स्थानीय जोशी गट्टा स्थित भाटों की गली में आयोजित श्रीमदभागवत महा कथा स्थल पर माला, दुपट्टा व शॉल पहनाकर स्वागत अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम संयोजक गायत्री पुजारी की अगुवाई व भागवत कथा आचार्य मानवानंद महाराज के सानिध्य में मोहल्लेवासियों महिला पुरुषों द्वारा कमलकांत शर्मा का स्वागत अभिनंदन किया गया। मानवानंद महाराज ने तिलकार्चन कर आशीर्वचन में रचनात्मक भूमिका के लिए कमलकांत शर्मा को शुभकामनाएं दी व कहा कि वे सदैव की भांति समाज उत्थान के लिए सेवा कार्य करते रहे। इस मौके पर बोलते हुए कमलकांत शर्मा ने कहा कि श्रीमद्भागवत महाकथा समस्त पापों को नष्ट कर पुण्य प्रदान करने वाली है।

भवानीशंकर शर्मा को मिली बड़ी जिम्मेदारी

झुंझुनूं । भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड की अनुशंसा पर वरिष्ठ भाजपा नेता भवानी शंकर शर्मा जाखल व रजनीश शर्मा चनाना को भाजपा प्रदेश कार्यालय सह प्रभारी बनाए जाने पर झुंझुनूं के भाजपा कार्यकर्ताओं व नेताओं ने प्रदेश कार्यालय में बधाई दी व प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ का आभार जताया।

बधाई देने वालो में पूर्व विधायक शुभकरण चौधरी, जिला महामंत्री योगेंद्र मिश्रा, भाजपा नेता कुबेर सिंह शेखावत, संजय मोरवाल, मिथिलेश गुर्जर, कपिल सोनी, दीपक गुर्जर, राजकुमार मोरवाल, प्रदीप तोगड़ा, विजेंद्र हठवाल, ख्यालीराम कुमावत, बाबूलाल माहिच, राजेंद्र ठेकेदार, शैलेश योगी, संदीप सोनी सहित जिलेभर से कार्यकर्ताओं ने बधाई दी। इधर, तीन नंबर रोड स्थित राष्ट्रीय परिषद प्रतिनिधि कार्यालय में भाजपा नेता विश्वंभर पूनियां की अगुवाई में भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाइयां खिलाकर शर्मा व चनाना को नियुक्ति पर प्रसन्नता व्यक्त की है। इस मौके पर विश्वंभर पूनियां ने कहा कि भवानीशंकर शर्मा जाखल एवं रजनीश शर्मा चनाना की नियुक्ति से जिले की भाजपा को और अधिक मजबूती मिली है। इस मौके पर नगर मंडल अध्यक्ष कमलकांत शर्मा, नगर महामंत्री रवि लांबा, संजय मोरवाल, जगदीश गोस्वामी, महेश जीनगर, पार्षद चंद्रप्रकाश शुक्ला, रामनिवास सैनी, राजेंद्र मोरवाल सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

बीजेपी नेताओं-कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांटकर मनाई खुशी।

'शिक्षा के क्षेत्र नए आयाम बनेंगे'

खेतडी, (निसं) पचेरीकलां के सिंघानिया विश्वविद्यालय की नव नियुक्त प्रबंधन समिति की ओर से बुधवार को विश्वविद्यालय परिसर में कैम्पस डायरेक्टर प्रोफेसर पी एस जैस्सल की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया। इस दौरान विश्विद्यालय द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करने सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। प्रोफेसर जैस्सल ने चैयरमैन रवि सिंघानिया, अध्यक्ष रिटार्यड आईएएस डॉ मनोज कुमार, उपाध्यक्ष एवं मुख्य वित अधिकारी सनील कुमार सोनूती की संस्था की नई प्रबंधन समिति में भूमिका एवं भए दृष्टिकोण और सोच से अवगत करवाया।

9 फर्मों से 13 सिलेण्डर जब्त

सीकर । जिला रसद अधिकारी ने बताया कि खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग जयपुर के निर्देशानुसार 17 सितम्बर से 27 सितम्बर तक चलाए जा रहे अभियान के तहत घरेलू सिलेण्डर के व्यावसायिक दुरूपयोग की रोकथाम के लिए जिला कलेक्टर सीकर मुकुल शर्मा द्वारा गठित टीम द्वारा शहर के विभिन्न होटलों, फर्मो पर औचक कार्यवाही की गई।

प्रवर्तन अधिकारी अंशु तिवाड़ी ने बताया कि मैसर्स संतोष जी की दुकान घण्टाघर के पास लक्ष्मणगढ से एक घरेलू सिलेण्डर, मैसर्स शर्मा ट्रीट कैफे एण्ड होटल लक्ष्मणगढ से एक घरेलू सिलेण्डर, मैसर्स हैपी होटल एण्ड फैमेली रेस्टोरेन्ट लक्ष्मणगढ से तीन घरेलू सिलेण्डर, मैसर्स कान्हा फास्ट फूड एण्ड बैकरी लक्ष्मणगढ से दो घरेलू सिलेण्डर, मैसर्स फ्रेन्डस बैकरी लक्ष्मणगढ से दो घरेलू सिलेण्डर, मैसर्स सलोना स्टेशनरी लक्ष्मणगढ से एक घरेलू सिलेण्डर, मैसर्स गार्गी चाट एण्ड बैकर्स लक्ष्मणगढ से एक घरेलू सिलेण्डर, मैसर्स मुरारीलाल हलवाई की दुकान लक्ष्मणगढ से एक घरेलू सिलेण्डर, मैसर्स गणपति होटल लक्ष्मणगढ से एक घरेलू सिलेण्डर सहित 9 फर्मो से 13 घरेलू सिलेण्डर जब्त किए है।

उन्होंने बताया कि सिलेण्डरों को फास्ट फूड, मिठाई व नाश्ता एवं अन्य खाद्य पदार्थ बनाने के लिए अनाधिकृत एवं असुरक्षित तरीके से प्रयोग में लिया जाना पाये जाने पर द्रवित पेट्रोलियम गैस आपूर्ति संबंधी उपबन्धों का स्पष्ट उल्लघंन किए जाने पर सिलेण्डर जब्त किए गए है। उन्होंने बताया कि गैस सिलेण्डरों को तीव्र द्रवित ज्वलनशील पदार्थ होने एवं असुरक्षित रूप से प्रयुक्त करने से रोकथाम के लिए निर्देशित किया कि किसी भी स्थिति में 100 क्रिगा एलपीजी गैस से अधिक का भण्डारण परिसर में नहीं रखा जावें साथ ही सिलेण्डरों को बंद परिसर में उपयोग में नहीं लाया जावे। गैस सिलेण्डरों पर प्रेशर रेग्यूलेटर एवं गैस पाईप की गहनता से जांच करते हुए वैधता अवधि में होना सुनिश्चित किया जावे। कार्यवाही में प्रवर्तन अधिकारी सुनीता वर्मा, प्रवर्तन निरीक्षक सुरभि मीणा, सुनीता चौधरी, अशोक पचार सहित रसद विभाग के कार्मिक शामिल रहे।

रक्तदान शिविर का आयोजन

रतनगढ।ऑल मुस्लिम वेलफेयर सोसायटी रतनगढ़ द्वारा ईदमिलादुन्नबी के उपलक्ष में राजकीय जालान जिला अस्पताल रतनगढ़ में रक्तदान शिविर का आयोजन लोहा निवासी समाजसेवी मोहम्मद उस्मान और हाकम अली मनियार के आर्थिक सौजन्य से किया गया। इस अवसर पर सर्व समाज के व्यक्तियों ने अठारह यूनिट रक्त दान किया। पवन पचलंगिया ने 56 वीं बार स्वेच्छा से रक्त दान कर सराहनीय कार्य किया। समाजसेवी हाकम अली ने भी रक्तदान किया। प्रमुख चिकित्सा अधिकारी संतोष आर्य ने रक्तदान और अंग दान को जीवनदान के समान बताया। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी रामानुज महर्षि ने रक्त दाताओं और आयोजकों का आभार जताया।

40 बकरियों को बेचने का आरोप

सादुलपुर । सिद्धमुख थाने के गांव चुबकिया ताल में एक पशुपालक द्वारा अपनी बकरिया चराने के लिए दैनिक वेतन पर रखे गये चरवाहे द्वारा अज्ञात पिकअप चालक से मिलीभगत कर 40 बकरियों को बेचने के इरादे से खुर्द बुर्द करने के लिए पीकअप में लोड करवाने के आरोप का मामला सामने आया है। हांलाकि पशुपालक ने अपनी माता की तबीयत खराब होने पर आरोपी को 400 रूपये दैनिक मजदुरी पर बकरियां चराने के लिए रखा गया था। लेकिन हालात ये हुई कि आखरी एक सप्ताह में ही चुबकिया ताल के पशुपालक की बकरियां खुर्द-बुर्द या बेचने के इरादे से दैनिक मजदूरी पर बकरिया चराने के लिए रख गये आरोपी चरवाहे द्वारा अज्ञात पिकअप चालक के साथ मिलीभगत कर बकरियों को बेचने या खुर्द बुर्द करने के इरादे से लापता कर दिया गया। वहीं इस संबन्ध में सिद्धमुख थाने में दर्ज प्रकरण में पीडित पशुपालक संतलाल पुत्र मामराज नाई उम्र 52 माल निवासी चुबकिया ताल तहसील सिद्धमुख जिला चूरू ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है कि वह खेती बाडी व पशुपालन का काम करता है। उसके पास 40 नग बकरियां है। जिनको वह स्वयं ही चराता था। लेकिन उसकी माता जी की तबियत काफी दिनों से खराब थी, जिसके कारण दिनांक 10 सितम्बर 2024 को बकरिया चराने के लिए उसने अजय कुमार भोपा निवासी सिद्धमुख को अपनी बकरियों की देखभाल करने के लिए 400 रुपये रोजाना के हिसाब में रखा था। उक्त लडका गाय भैसों के खुर काटता था तथा पूर्व में उसे 2-4 बार मिला हुआ था, जिस कारण उसने उक्त लडके के उपर भरोसा कर लिया। अजय कुमार दिनांक 11 सितम्बर 2024 से लेकर आज तक उसकी बकरियों को सुबह शाम दोनों टाईम चराता था और रोजाना सुबह 8 बजे बकरियां घर से निकालकर लेकर जाता एवं वापिस 11 बजे बकरिया घर लेकर आता था। तथा दोपहर के 1.30- 2.00 बजे वापिस गोचर भूमि में चराने के लिए लेकर जाता और शाम को 7 बजे वापिस आ जाता था। रात्री में उनके घर पर ही रुकता था। आरोप है कि आज दिनांक 17 सितम्बर 2024 को अजय कुमार सुबह 8 बजे बकरिया लेकर गोचर भूमि में गया था जिसके बाद वह बकरिया लेकर घर नहीं आया तब उसने एवं उसके परिवार के लोगो ने गांव की गोचर भूमि में तलाश की, मगर बकरिया नहीं मिली।

चोरों को कस्बे में पैदल घुमाया

बीदासर । कस्बे में मंगलवार की सुबह पुलिस की सतर्कता व मोहल्लेवासियों के सहयोग से गिरफ्तार किए गए अंतर्राज्यीय चोर गैंग के चोरों को मंगलवार की देर शाम पुलिस ने राजकीय सीएचसी से मेडिकल करवाने के बाद आमजन में विश्वास एवं अपराधियों में भय का संदेश देने को लेकर कस्बे के मुख्य मार्गो से पैदल घुमाया। जिसमें कस्बेवासी भी शामिल हुए और पुलिस जिंदाबाद के नारे लगाएं।

गिरफ्तार आरोपी गुजरात और मध्यप्रदेश के निवासी पुलिस ने गिरफ्तार किए गए अंतर्राज्यीय चोर गैंग के चोरी के आरोपी नेपाल सिंह पुत्र सरदार सिंह लोहारी सिकलीगर सीख, गुरूवीर सिंह ऊर्फ राहुल सिंह लोहारी सिकलीगर सीख निवासी गुजरात व शेरसिंह पुत्र लीवर सिंह निवासी मध्यप्रदेश से कड़ी पूछताछ में आरोपियों ने कस्बे में 14 सितंबर 2024 की रात्रि में हुई तीन बंद मकानों में चोरियों का राज कबूला। थानाधिकारी कैलाशचंद्र यादव ने बताया कि आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि वो करीब 5 से 6 दिन पहले गुजरात से नोखा आए व एक होटल में किराए पर रहकर 14 सितंबर को नोखा से एक मोटरसाइकिल चोरी कर बीदासर कस्बे में आए जहां रात्रि में एक साथ तीन बंद मकानों में चोरी की वारदात को अंजाम देकर वापिस नोखा चले गए, 16 सितंबर को नोखा से बीकानेर चले गए जहा एक होटल में रुके वहां चोरी का सामान रखकर आरोपियों ने करीब 7 से 8 ठाम सोने का आभूषण बीकानेर के एक सोनी को 25 हजार पांच सौ रुपये में बेंच दिया तथा रात्रि में 2 बजे श्रीडूंगरगढ से रवाना होकर प्रातः 4.30 बजे बीदासर पहुंचकर बंद मकान में चोरी की वारदात को अंजाम देने से पहले पुलिस के हत्थे चढ़ गए। पुलिस उप अधीक्षक प्रहलाद राय ने बताया कि गिरफ्तार किए गए चोरों से अन्य चोरीयों के बारे में भी पूछताछ की जाएगी। जिसमें आस पास क्षेत्र की चोरियों का खुलासा होने की संभावना है। उन्होंने यह भी बताया कि आरोपियों ने पिछले तीन साल से मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश व अलवर सहित कई शहरों में चोरी करना स्वीकार किया है। आरोपी ताला चांबी ठीक करवाने व लगाने के बहाने गांव व कस्बों में घूम घूम कर दिन में रैकी करते है। उसके बाद रात में बंद मकानों के ताले तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम देते है।

चोरों को पकड़ने में मोहल्लेवासियों की रही अहम भूमिका : मंगलवार की सुबह करीब प्रात पांच बजे कस्बे के वार्ड न 5 मालियों के मोहल्ले में चोरो द्वारा बंद मकान में चोरी की वारदात को अंजाम देने से पहले ही पुलिस की सतर्कता और पुलिस द्वारा मोहल्ले के लोगों को सचेत करने पर मोहल्लेवासी भी चोरों को पकडने के लिए घरों से निकल पडे तथा पुलिस और लोगों के सहयोग से घेराबंदी कर तीनों चोरों को पकडने में सफलता हासिल हुई।

बावळती के आर्टिस्ट पत्रकारों से रूबरू

रतनगढ । चन्द्र फिल्म्स प्रोडक्शन के बैनर तले बनी राजस्थानी फिल्म बावळती 20 सितंबर से रतनगढ के सूर्य थियेटर में रोजाना 4 शो में चलेगी। इस संबंध में बुधवार को शिवाजी सेवा संस्थान बगीची रतनगढ में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। फिल्म के निर्माता निर्देशक राजेन्द्र सिंह शेखावत ने बताया कि प्रेस कॉन्फ्रेंस में कलेंडर मैन एवं फिल्म के कलाकार पवन तोदी, राजकुमार नायक, सुशील कुमार जोशी, मंगल व्यास भारती, सरोज बरोड उपस्थित रहे। शेखावत ने बताया कि केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड से यू प्रमाण पत्र प्राप्त फिल्म बावळती में राज कुमार नायक, गीतिका डीगवाल, पवन तोदी, चंद्र कला चंद्रेश, सुशील कुमार जोशी, सरोज बरोड, अन्नू पूनिया, हरि हरनी, आरती, आशुतोष उपाध्याय, बीरबल नोखवाल, मंगल व्यास भारती, बाबूलाल तुनगरिया आदि ने मुख्य भूमिका अदा की है। फिल्म के गीत दिग्विजय सिंह गोगटिया और राजेंद्र सिंह शेखावत ने लिखे हैं। संगीत राजेंद्र शरणोत और शंकर महेश्वरी का है। गीतों को आवाज रघुवीर सिंह राठौड़, शंकर महेश्वरी, राधेश्याम घांघू और सोनू महेश्वरी ने दी है। फिल्म के डीओपी और संपादक पंकज सोनी रहे। फिल्म की शूटिंग घांघू, लूंछ, चूरू, रतनगढ, जयपुर आदि स्थानों पर हुई है।

13 पात्र व्यक्तियों को मिला उनका मालिकाना हक

सभापति पायल सैनी ने लाभार्थियों को वितरित किए पट्टे

चूरू । नगरपरिषद् में बुधवार को सभापति पायल सैनी ने पट्टे के रूप में अपनी जमीन के मालिकाना हक से वंचित रहे 13 पात्र व्यक्तियों को बुधवार को उनका मालिकाना हक के रूप में पट्टे वितरित किये गये।

उल्लेखनीय है कि पिछली गहलोत सरकार के कार्यकाल में प्रारंभ हुई प्रशासन शहरों के संग अभियान के तहत पात्र व्यक्तियों को सस्ती दरों पर पट्टे के रूप में उनको मालिकाना हक दिये जाने की घोषणा के तहत चूरू नगरपरिषद् द्वारा पूर्व में भी बड़ी संख्या में पट्टों की फाईलों का निपटारा करते हुए पट्टे वितरित किये थे, लेकिन बाद में आदर्श आचार संहिता लगने तथा विधानसभा आम चुनाव के चलते पात्र व्यक्ति पट्टा लेने से वंचित रह गये थे, जिन्हें अब नियमानुसार पट्टे वितरित किये जा रहे हैं। सभापति पायल सैनी ने बताया कि जितनी भी पट्टों की फाईलें जमा हुई है और उनकी राशि जमा हो चुकी है, उन्हें जल्द ही पट्टे दे दिये जायेंगे। इसके साथ ही उन्होंने रामसरा रोड़ पर नगरपरिषद् चूरू की ओर से विकसित अर्फोडेबल हाउसिंग पॉलिसी के अन्तर्गत सम्पूर्ण राशि जमा करवाने के बाद भी फ्लेट का आवंटन पत्र व कब्जा प्राप्त करने से वंचित रहे कुल 09 लाभार्थीयों को मालिकाना हक के रूप में उनको आवंटन पत्र दिया गया।

चूरू की नगर परिषद् में पात्र व्यक्तियों को पट्टे वितरित किए गए।

गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम

रतनगढ ।भारत विकास परिषद् , स्थानीय शाखा द्वारा नगर की राजकीय ज्योति उ.मा. विद्यालय में गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया । मां शारदा के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन से शुरू हुए कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राओं ने वन्दे मातरम् गीत का गायन किया। संस्था प्रधान राधाकृष्ण पिपलवा द्वारा परिषद् सदस्यों का शाब्दिक स्वागत् किया गया तत्पश्चात प्रान्तीय उपाध्यक्ष वासुदेव चाकलान ने भारत विकास परिषद् का परिचय देते हुए बताया कि भारत का ध्येय वाक्य "राष्ट्र देवो भव" है तथा आदर्श पुरुष स्वामी विवेकानंद है एवं उनके द्वारा बताए गये मार्ग पर ही चलते हैं एवं परिषद् द्वारा किए गए सेवा कार्यों की जानकारी दी। गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम की महत्ता बताते हुए प्रकल्प प्रभारी राजेंद्र सिंह बीदावत ने गुरूजनों द्वारा बताए गए मार्ग पर चलने का आ ान किया । वित्त सचिव शैलेश कुमार शर्मा ने बच्चों को नशे के दुष्परिणामों के बारे में जानकारी दी तथा सभी प्रकार के नशे से दूर रहने हेतु प्रेरित कर नशामुक्ति अभियान के साथ जुड़ने का आ ान किया। कार्यक्रम में शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने पर शशिकला शर्मा,भंवरलाल सांवा व पुरुषोत्तम, शालू को शॉल व दुपट्टा ओढ़ाकर तथा श्रीफल, स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र भेंटकर वंदन किया गया।